संख्या. ए-30012/03/2024- समन्वय

भारत सरकार

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

खुर्शीद लाल भवन, जनपथ,

नई दिल्ली, दिनांक 01.05.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मार्च, 2024 माह के लिए मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश – तत्संबंधी।

अधोहस्ताक्षरी को मार्च, 2024 माह के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की गतिविधियों का मासिक सार इसके साथ परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

संलग्नक: यथोपरि ।

(राज कुमार)
उप सचिव भारत सरकार
दूरभाष . 23455303

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य (सूची के अनुसार)।
2. भारत सरकार के सभी सचिव (सूची के अनुसार)।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के माननीय राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
6. भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली।
7. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रथम तल , शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि :

i. माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के निजी सचिव
ii. सचिव (सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय), खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव ।
iii. प्रधान निजी सचिव, अपर महा निदेशक (एससीडी), सांख्यिकी भवन, 'सी' ब्लॉक, प्रथम तल , एमवी मार्ग, दिल्ली।
iv. अपर महा निदेशक, IIICU, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के प्रधान निजी सचिव ।
v. उप महा निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन स्कन्ध), आर.के. पुरम, नई दिल्ली के प्रधान निजी सचिव ।

अन्य प्रतिलिपि :

डीआईआईडी (कंप्यूटर केंद्र सहित), लेवल-3, पूर्वी ब्लॉक-10, आर.के. पुरम, नई दिल्ली को मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मासिक सारांश अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की मार्च, 2024 माह की प्रमुख पहलें और उपलब्धियां।**

मंत्रालय ने **12 अप्रैल 2024** को **मार्च, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए और **फरवरी 2024** (अंतिम) महीने के लिए अखिल भारतीय ग्रामीण, शहरी, संयुक्त के लिए **आधार 2012=100** पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के उप-समूहों/समूहों की कीमतों में उत्तार-चढाव जारी किए। ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए **मार्च, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 187.7, 183.6 और 185.8 थे, जो क्रमशः 5.45%, 4.14% और 4.85% की वार्षिक मुद्रास्फीति दर दर्शाते हैं। **फरवरी, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु तद्नुरूपी मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 5.34%, 4.78% और 5.09% थीं।

2. ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए **मार्च, 2024** (अनंतिम) माह हेतु अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) क्रमशः 187.9, 193.3 और 189.8 था। ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए **मार्च, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए सीएफपीआई हेतु अखिल भारतीय वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दर क्रमशः 8.61%, 8.35% और 8.52% थी। **फरवरी, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु तद्नुरूपी मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 8.27%, 9.19% और 8.66% थीं।

3. **फरवरी 2024** माह के आधार वर्ष 2011-12 के साथ अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) (त्वरित अनुमान) दिनांक **12 अप्रैल, 2024** को जारी कर दिया गया है और यह 147.2 रहा।

4. मंत्रालय ने मार्च 2024 माह के दौरान कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए मुख्य रोजगार बेरोजगारी संकेतक जारी किया है।

5. मंत्रालय द्वारा दिनांक 11 मार्च-10 अप्रैल, 2024 से समाधान के लिए राज्य / संघ राज्य क्षेत्र के सांख्यिकी निदेशालय के साथ राज्य घरेलू उत्पाद (एसडीपी) अनुमानों पर चर्चा का आयोजन किया गया है।

6. संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकीय आयोग का 55वां सत्र दिनांक 27 फरवरी, 2024 से 1 मार्च, 2024 तक न्यूयॉर्क में आयोजित किया गया था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने सत्र में हिस्सा लिया। पूर्वोक्त सत्र में, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय एवं अन्य संबंधित मंत्रालयों तथा विभागों से परामर्श करके सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा हेतु आधिकारिक आंकड़ों के मौलिक सिद्धांत, राष्ट्रीय लेखा, जलवायु परिवर्तन संबंधी आंकड़े, सांख्यिकीय आयोग के कार्य करने की विधि, पर्यावरणीय आर्थिक लेखांकन और डाटा तथा संकेतकों सहित विभिन्न एजेंडा तैयार किया था।

क्रमशः -2-

7. इस मंत्रालय द्वारा **मार्च, 2024** माह के लिए ऑनलाइन कम्प्यूटरीकृत निगरानी प्रणाली (ओसीएमएस) के अंतर्गत निगरानी की गई केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के प्रमुख बिंदु निम्नांकित हैं:

| | |
|---|---|
| चल रही परियोजनाओं की कुल संख्या | 1873 |
| वास्तविक लागत की तुलना में लागत वृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 449 |
| समयावृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 779 |
| पूर्ण दर्ज की गई परियोजनाओं की संख्या | 32 |
| मार्च 2023 तक संचयी व्यय | 1289312.29 करोड़ रू. |
| वर्तमान माह (मार्च, 2024) के दौरान व्यय | 51241.84 करोड़ रू. |
| फरवरी, 2024 तक व्यय सीएफवाईआर | 422336.70 करोड़ रू. |
| फरवरी, 2024 तक संचयी व्यय | 1711649 करोड़ रू. |

8. अवसंरचना क्षेत्रों के निष्पादन पर नवीनतम समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 22-23 की तदनुरूपी अवधि की तुलना में अप्रैल-फरवरी वित्तीय वर्ष 23-24 में प्रासंगिक मापदंडों यथा **[विद्‌युत]** विद्‌युत उत्पादन **(+6.90%), [कोयला]** लिग्नाइट सहित कोयला उत्पादन **(+11.18%), [इस्पात]** तैयार स्टील का उत्पादन **(+13.26%), [सीमेंट]** सीमेंट उत्पादन **(+9.10%), [उर्वरक]** नाइट्रोजन , फॉस्फेट और यूरिया उत्पादन **(+9.00%), [पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]** कच्चा तेल उत्पादन **(+0.48%), [पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]** संसाधित कच्चा तेल (+2.50%), **[पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]** प्राकृतिक गैस उत्पादन **(+5.73%), [सड़कें]** एनएचएआई द्वारा राजमार्गों का उन्नयन ( **+24.96%),** राज्य पीडब्ल्यूडी और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा राजमार्गों का उन्नयन **(+12.82%), [रेलवे]** संभाला गया यात्री यातायात **(+8.34%), [रेलवे]** गेज दोहरीकरण और नई लाइनें **(+11.99%), [रेलवे]** माल ढुलाई द्वारा अर्जित राजस्व **(+4.86%), [पोत परिवहन]** प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कोयला (+2.35%), **[पोत परिवहन]** प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कुल कार्गो **(+4.54%), [नागर विमानन]** हवाई अड्डों पर संभाला गया निर्यात कार्गो **(+13.77%), [नागर विमानन]** हवाई अड्डों पर संभाला गया आयात कार्गो **(+1.18%), [नागर विमानन]** संभाला गया अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात (+23.06%), **[नागर विमानन]** संभाला गया घरेलू यात्री यातायात **(+14.40%), [दूरसंचार]** नए नेट वायरलेस कनेक्शन (+1700.09%) **और [दूरसंचार]** बेस ट्रांसीवर स्टेशनों सहित टावर्स **(+99.78%)** में सकारात्मक वृद्धि दर देखी गई है । तथापि, जिन मापदंडों में नकारात्मक वृद्धि दर देखी गई है, वे हैं **[दूरसंचार]** नए नेट वायरलाइन टेलीफोन कनेक्शन (-0.18%) ।

****